अमर उजाला 01/03/2024

उज्ज्वल भविष्य के लिए छात्राओं को दिया ज्ञान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए करियर गाइडेंस व काउंसलिंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में स्कॉलर संदीप सिंह चोपड़ा की ओर से छात्र-छात्राओं को ऐसे प्रेरणादायक सूत्र दिए, जिससे उनमें कुशलता और सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। इस दौरान करियर काउंसलर ने छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया ताकि डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें विदेशों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। काउंसलिंग में विद्यार्थियों को मुख्य बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने और प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। संवाद